# तेरे इश्क़ का जादू चढ़ा सांवरे | BY Bhavika Pagli

तेरे नाम के हम हैं दीवाने
नाचें हम तो गली गली
तेरे इश्क़ का जादू चढ़ा सांवरे
उतरेगा ना अभी कभी

तेरे नाम की मस्ती बाबा जीवन मस्त बना देती है
सात जनम तक उतरे न जो ऐसा रंग भर जाती है
तेरे नाम की मस्ती में बाबा मस्त रहेंगे सदा यूँ ही
तेरे इश्क़ का जादू चढ़ा सांवरे
उतरेगा न अभी कभी

श्याम की मस्ती में जो रंगे हैं आज वो जाने जाते हैं
नरसी कर्मा धन्ना मीरा ये सब श्याम दीवाने हैं
श्याम की मस्ती में मस्त रहेंगे हमको किसी की फ़िक्र नहीं
तेरे इश्क़ का जादू चढ़ा सांवरे
उतरेगा न अभी कभी

श्याम तू अपने रंग में रंग दे रही की ये ही अर्ज़ी है
मेरा तुझसे श्याम ये कहना आगे फिर तेरी मर्ज़ी है
मेरे भजनो में रंग है तेरा नाम तेरा कलम मेरी
तेरे इश्क़ का जादू चढ़ा सांवरे
उतरेगा न अभी कभी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%87%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%95%e0%a4%bc-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%82-%e0%a4%9a%e0%a4%a2%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be/